

## एक नजर में

### श्री विश्वकर्मा महोत्सव समिति कुमावत समाज के द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकली



**मंदसौर।** प्रतिवर्षा अनुसार इस वर्ष भी नगर में शनिवार को श्री विश्वकर्मा महोत्सव समिति कुमावत समाज के द्वारा भगवान श्री विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समिति के तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं श्रद्धालु शामिल हुए। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भजनों पर नृत्य कर बड़ी संख्या में यात्रा में भाग लिया, जिससे आयोजन की शोभा और बढ़ गई। शोभा यात्रा श्री चारभुजानाथ मंदिर नयागांव नरसिंहपुरा से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई नरसिंहपुरा स्थित श्री राम जानकी मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा के समापन पर विश्वकर्मा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुमावत समाज के गणमान्य व्यक्तियों सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। आयोजन शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के माहौल में संपन्न हुआ।

### सेन समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन : 8 फरवरी को नीमच में अधिक से अधिक समाज जन भाग ले

**मंदसौर।** सेन समाज युवक-युवती परिचय सम्मेलन आगामी 8 फरवरी 2026, रविवार को नीमच के दशहरा मैदान के पास (टाउन हॉल) में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन को गरिमामय और ऐतिहासिक बनाने के लिए जिला सेन समाज संगठन निमच एवं परिचय सम्मेलन के अध्यक्ष श्री विनोद जी गेहलोद के निर्देशन में तैयारियाँ जोरों पर हैं। समाज में एक नया उत्सव का माहौल है। मन्दसौर नगर गुजराती सेन समाज के युवा अध्यक्ष राकेश सेन सम्राट ने सभी समाज बंधुओं से आग्रह किया है कि वे अपने विवाह योग्य बालक-बालिकाओं का अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराएँ और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दें। इस सम्मेलन का उद्देश्य सेन समाज के युवक-युवतियों को एक ही मंच पर लाना है, जिससे समाज में एकता, सहयोग और पारस्परिक समझ को बढ़ावा मिल सके। और समाज के सभी बंधु इस पुनीत कार्य में तन मन धन से सहयोग प्रदान करें। इस आयोजन में मंदसौर, नीमच, रतलाम और प्रतापगढ़ जिलों सहित प्रदेश के सेन समाज बंधुओं से अनुरोध है कि वे अपने विवाह योग्य युवक-युवतियों का पंजीयन कराएँ और इस ऐतिहासिक सम्मेलन को सफल बनाएँ।



### चुकनी में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर

**नीमच।** आयुर्वेद औषधालय मनासा द्वारा निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर शासकीय हाई स्कूल चुकनी में शनिवार को आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास,कास,प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, मधुमेह आदि बीमारियों की जांच कर निशुल्क औषधियां वितरित की गई। छात्रों को नशे से होने वाले हानिकारक शारीरिक एवं मानसिक प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए इनसे बचाव के बारे में जागरूक किया। मौसमी बीमारी से बचाव के उपाय, तनाव से मुक्ति, स्वच्छता एवं पोषण के बारे मे जानकारी दी। इस अवसर पर छात्रों को करियर मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में कुल 42 छात्रों ने स्वास्थ्य सेवाओ का लाभ लिया। शिविर में डॉ.मदनलाल पाटीदार आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी ने अपनी सेवाएं दी। शिविर में प्राचार्य श्री पुष्पराज मसीह, डॉ.सीमा पाटीदार, शिक्षक श्रीमती रेखा साहानी माध्यमिक ने आवश्यक सहयोग दी।



### नवागत थाना प्रभारी ने किया पदभार ग्रहण

**सिंगोली।** जिला पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल ने शुक्रवार देर शाम सिंगोली थाना प्रभारी बी एल भाबर को लाइन हाजिर किया वहीं जावद थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा को सिंगोली थाना प्रभारी और लाइन में पदस्थ टी आई विकास पटेल को जावद थाना प्रभारी बनाया। शनिवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे सिंगोली पहुंचे नवागत थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा ने थाना परिसर में स्थित शिव मंदिर में भगवान के दर्शन एवं पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया इस अवसर पर थाने में पदस्थ स्टाफ सदस्यों ने उन्हें माला पहनाकर उनका आत्मीय स्वागत किया इस दौरान पत्रकारों से मुखातिब होते हुए नवागत थाना प्रभारी श्री वर्मा ने बताया कि अपराधियों में भय और आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास को कायम रखना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। श्री वर्मा ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति एवं जनसंख्या और विभिन्न अपराधों के संबंध में चर्चा करते हुए उन पर लगाम लगाने का आश्वासन दिया।



### सकल जैन श्वेतांबर एकता के पक्ष में 119 वां श्री णमोकार महामंत्र जाप

**नीमच।** प पु आचार्य देव श्री निपुणरत्न सुरीश्वर जी महाराज साहब, शांत क्रांत गच्छाधिपति प पु आचार्य देव श्री विजयराज जी महाराज साहब एवं राष्ट्र संत कमलमुनिजी कमलेश महाराज साहब के पावन आशीर्वाद से अखिल विश्व णमोकार प्रेम मंडल नीमच द्वारा प्रति पुर्णिमा को आयोजित किये जाने वाले सर्वाधि व्याधि विनाशक सुख शांति समृद्धि आरोग्य प्रदायक श्री णमोकार महामंत्र के जाप दिनांक 1 फरवरी 2026 माघ शुक्ल पुर्णिमा रविवार वार को श्री वैभव सुख धाम नाकोड़ा पार्श्वनाथ भैरव मंदिर विकास नगर 14 /4 नीमच पर सांय 7 से 8 बजे तक आयोजित किये जायेंगे। मंडल अध्यक्ष पारस कांठेड़ एवं सचिव जितेंद्र सकलेचा ने जानकारी देते हुए बताया मंडल परिवार द्वारा सकल जैन श्वेतांबर एकता के पक्ष में यह 119 वां णमोकार महामंत्र जाप है। सभी धर्मानुरागियों से जाप के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।प्रभावना एवं लक्की ड्रा के लाभार्थी श्री मनोज जी रविन्द्र जी जैन वीरवाल परिवार है। श्री णमोकार महामंत्र असीम शांति समृद्धि के साथ अनंतानंत पूण्यवृद्धि का कारक है।

### गोमाबाई नेत्रालय नीमच में फिर रोशन हुई रियायती दरों पर आंख के पर्दे की खोई हुई नेत्र ज्योति

नीमच.सफल और किफायती उपचार से संतुष्ट रोगी ने गोमाबाई नेत्रालय के प्रबंधों को सराहा नीमच। दोनों आँखों के पर्दे के क्षतिग्रस्त होने से करीब तीस वर्षों से लगभग अपनी दृष्टि खो चुके राजस्थान के बूंदी जिले के ग्राम सरसों निवासी 48 वर्षीय हरलाल बैरवा पिता अर्जुन बैरवा को गोमाबाई नेत्रालय नीमच के नेत्र विशेषज्ञों ने अपने विशिष्ट कौशल से सफल ऑपरेशन कर रियायती दरों पर उम्मीद की नई रोशनी प्रदान की हैं।

# विद्यार्थियों के आभा कार्ड बनाए, स्वास्थ्य व हिमोग्लोबिन परीक्षण किया

**नीमच।** स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, नीमच के क्रीडा विभाग के तत्वावधान में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, भोपाल के निर्देशानुसार जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नीमच के सहयोग से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एवं 'उमंग - उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम' के अंतर्गत महाविद्यालय में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों के आभा कार्ड बनाए गए और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण एवं हिमोग्लोबिन परीक्षण किया गया द्य शिविर के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नीमच, उमंग हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश मालवीय, पालसोडा ब्लॉक के बी.एम.ओ. डॉ. विजय भारती, जिल चिकित्सालय, नीमच की परामर्शदाता डॉ. नेहा शर्मा,



आयुष्मान आरोग्य मंदिर, रेवली देवली की ए.एन.एम. श्रीमती भावना धाकड़ एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पलसोड़ा की ए.म.ओ. डॉ. सुनील पाटीदार एवं डॉ. सुरभि साहू का स्वागत किया । स्वागत पश्चात प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को उक्त कार्ड बनाने एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कहा, कि उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत बनाए जाने वाले आभा कार्ड / आई डी का विद्यार्थी भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी जांच कार्य में उपयोग कर सकेंगे, जिससे पेपर एवं फाइलों से मुक्ति मिलेगी द्य इस कार्ड के द्वारा व्यक्ति के स्वास्थ्य का रिकॉर्ड संधारित किया जा सकेगा, जिससे कभी भी आगामी जांचों में पूर्व के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को देखा जाना संभव हो सकेगा द्य उक्त कार्ड के बन जाने के पश्चात उन्हें कोई पुरानी दवा जांच पर्ची अपने साथ ले जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी द्य उमंग कार्यक्रम के नोडल अधिकारी श्री संजीव थोरेचा ने बताया, कि आयोजित किए गए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के आभा कार्ड बनाने के साथ-साथ सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत ब्लड प्रेशर एवं हीमोग्लोबिन परीक्षण किया गया द्य इस अवसर पर 80 नए विद्यार्थियों के हेल्थ कार्ड बनाये गये, जबकि 20 स्टाफ सदस्यों सहित लगभग 109 छात्र एवं छात्राओं का स्वास्थ्य एवं हिमोग्लोबिन परीक्षण किया गया । के सामान्य स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु आवश्यक परामर्श देते हुए दवाइयों का वितरण भी किया गया द्य आभा कार्ड बनाने मे महाविद्यालय के छात्र सुरेश धाकड़, गजेश, सुमित, विशाल राठौर, शंभूलाल, मुस्कान गायरी, वीरेंद्र गुर्जर, अरुणा पुरोहित, कौशल्या सोनी तथा खुशबू शर्मा ने सहयोग किया द्य इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रशांत मिश्रा, डॉ. प्रभावती भावसार, डॉ. बी. के. अंब, डॉ. संजय जोशी, डॉ. आर. सी. जैन, प्रो. चंचल जैन, प्रो. अनुग्रह नितिन सिंह, प्रो. मीनू राठौर प्रो. आयुषी जिंदल, प्रो. प्रवीण कुशवाहा प्रो. निर्मल राठौर प्रो. दिव्या सोनी, प्रो. विक्रम मेरावत, धरम सिंह गुर्जर एवं राधेश्याम सालवी के अतिरिक्त कई छात्र-छात्राओं ने इस शिविर का लाभ लिया द्य कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम नोडल अधिकारी श्री संजीव थोरेचा द्वारा किया गया



## पर्यावरण मित्रों ने मूक बधिर छात्रावास में चलाया स्वच्छता अभियान

### कंटीली झाड़ियों सहित 2 ट्रॉली गंदा कचरा किया एकत्रित

**नीमच।** हम सबने ये ठाना है नीमच शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त बनाना है के उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच द्वारा शनिवार दिनांक 31 जनवरी 2025 को प्रात: 8 से 10 बजे तक शा.उ.मा.विध्यालय क्रमांक 2 खेल मेदान स्थित मुक बधिर छात्रावास परिसर में पुर्व रोपित पोधो को पानी पिलाया इसके पश्चात परिसर में कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई कर गंदा कचरा एकत्रित कर ढेर लगाए गए, संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने नगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी दिनेश टांक को गंदा कचरा ट्राली में भरकर ट्रचिंग ग्राउंड भिजवाने का अनुरोध किया, अभियान में संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सुकुमार आगार, केशव सिंह चौहान, निर्मल देव नरेला, मनीष काठेंड,मुक बधिर छात्रावास के मदनलाल यदुवंशी,रफीक मोहम्मद, गोपाल बंजारा, नगरपालिका के सफाई कर्मचारी राकेश चंडालिया, विजय सार्स आदि ने 2 घंटे श्रमदान कर सहभागिता निभाई उक्त जानकारी संस्था के मनीष काठेंड ने दी है।

## हेलमेट धारण करने एवं सीट बेल्ट लगाने हेतु जागरूकता अभियान

**नीमच।** थाना प्रभारी यातायात सोनू बडगुर्जर एवं यातायात टीम द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्रीमान पुलिस अधीक्षक द्वारा जिलें में दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करने एवं चार पहिया चलाते समय सीट बेल्ट धारण करने हेतु 07 दिवस विशेष अभियान संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया है ।

विशेष अभियान के तारम्य में पुलिस अधीक्षक महोदय जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट धारण करने हेतु निर्देशित किया गया । श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय का मानना है कि नियमों का पालन सबसे पहले अपनों से ही होना चाहिए । जिले की समस्त जनता से अपील की गई की आप सभी हेलमेट एवं सीट बेल्ट का धारण अवश्य करे ।ताकि सडक दुर्घटना में होनी वाली जनहानी को रोका जा सके । दो



पहिया व चार पहिया वाहनों से होने वाली सडक दुर्घटनाओं में अक्सर देखा गया की हेमलेट धारण नही करने एवं सीट बेल्टे धारण नही करने से सीर में आई चोटो के कारण सडक दुर्घटनाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण बनता है । अत: आप सभी जिलावासियों से अपील है कि वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से धारण करे । साथ उक्त कार्यक्रम के दौरान श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा बिना हेलमेट वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किये गये ।

वर्ष 2024 में मध्यप्रदेश में कुल 56669 सडक दुर्घटनाएं घटित होकर 14791 लोगों की सडक दुर्घटना में मृत्यु हुई है जिसमें सडक दुर्घटना के समय 6541 लोगों द्वारा हेलमेट धारण न करने एवं 1929 लोगों द्वारा सीट बेल्ट धारण न करने से मृत्यु हुई है । इसी तरह जिला नीमच में वर्ष 2024 में कुल 368 सडक दुर्घटनाएं घटित होकर 120 लोगों की सडक दुर्घटना में मृत्यु हुई है । वर्ष 2025 में हुई सडक दुर्घटनाओं का डाटा प्रसारित होना शेष है । जिला नीमच वर्ष 2025 में कुल 321 सडक दुर्घटनाएं घटित होकर 117 लोगों की सडक दुर्घटना में मृत्यु हुई है । पुलिस अधीक्षक की मंशानुसार उक्त सडक दुर्घटना में हुई मृत्यु की दर को 50 प्रतिशत करने हेतु उक्त विशेष अभियान संचालित किया है ।

## जिला भाजपा द्वारा केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण सभी मंडलों के साथ जिला मुख्यालय स्थित गांधी चौराहे पर किया जाएगा : दीक्षित

**मंदसौर।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में मोदी सरकार का 11वां केंद्रीय बजट तथा नारी सशक्तिकरण को समर्पित केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत 9 वा बजट कल प्रात: 10:30 बजे लोकसभा में पेश किया जाएगा।

उक्त आशय की जानकारी देते हुवे भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया कि जन-जन को समर्पित रहने वाले इस बजट का लाइव प्रसारण जिला भाजपा के नेतृत्व में जिले के सभी मंडलों के साथ जिला मुख्यालय मंदसौर



स्थित गांधी चौराहे पर प्रात 10:00 बजे से बड़ी एलइडी के माध्यम से आम जनता के साथ सुना जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा के जनप्रतिनिधि गणों एवं संगठन पदाधिकारियों की उपस्थिति भी रहेगी। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने मंदसौर शहर प्रबुद्ध जनों व्यवसायि बंधुओं से आग्रह किया है कि केंद्रीय बजट के इस लाइव प्रसारण में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहे जिससे कि केंद्रीय बजट के माध्यम से आम जनता जनार्दन, युवाओं, किसानों, मातृ शक्तियों, उद्यमियों और व्यापारियों को मिलने वाली सौगातो की जानकारी आसानी से तुरंत उपलब्ध हो सके।



## वॉलीबॉल में बालिका टीम ने किया दूसरी बार खिताब अपने नाम

**मन्दसौर।** मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवक कल्याण विभाग भोपाल और मध्य प्रदेश एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान मे केंद्र शासन के खेलो इंडिया गेम्स के तर्ज पर 28 से 30 जनवरी तक भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय खेलो एम.पी यूथ गेम्स वॉलीबॉल गेम्स में मंदसौर जिले की यूथ की बालिका टीम ने उज्जैन जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बालिका टीम ने पहला मैच उज्जैन जोन ने आरसीसी भोपाल 2-1 से दूसरे मैच में जबलपुर जोन को 2-0 से पराजित करके क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया और चंबल जोन 2-0 व सेमीफाइनल में शहडोल 3-0 को पराजित करके, खेलो एमपी यूथ वॉलीबॉल गेम्स उज्जैन जोन की बालिका टीम ने फाइनल मैच में छिंदवाड़ा जोन को 3-1 पराजित करके, खेलो एमपी यूथ गेम्स में बालिका वॉलीबॉल का खिताब दूसरी बार अपने नाम करके स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

मंदसौर की बालिका टीम में खुशी ग्वाला, रंजना कैथवास, निशा वाघेला, हिमशिखा यादव, रितिका बैरागी, प्रार्थना वाघेला टीम के कोच चयन माली थे।इन खिलाड़ियों के खेलों एमपी यूथ वॉलीबॉल गेम्स का विजेता बनने पर मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कियावत मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान एवं सदस्यगण, विनय दुबेला, संदीप खाबियॉ, शेर मोहम्मद खान, सज्जन सिंह श्रीमाल, त्रिभुवन कवीश्वर, रोहित शर्मा, अनिल पाटीदार, रउफ खान, पीजी कॉलेज मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, पी.जी कॉलेज दलौदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज्जक, उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर के, वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक महेंद्र शुक्ला, शा. लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल उ.म. विद्यालय मंदसौर के व्यायाम शिक्षक रघुवीर मालवीय व जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## मुख्यमंत्री डॉ .यादव ने किसान कल्याण वर्ष पर केंद्रित कार्यो की समीक्षा की

**नीमच।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने आज निवास स्थित समत्व भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कमिश्नर-कलेक्टर्स के साथ बैठक कर 'किसान कल्याण वर्ष - 2026' के लक्ष्य पर केंद्रित कार्यों के सुचारू क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर कृषि मंत्री श्री एदल सिंह कसाना, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। नीमच के एन.आई.सी.कक्ष नीमच में आयोजित इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एडीएम श्री बी.एस.कलेश, कृषि उद्यानिकी, सहकारिता, पशुपालन सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी उपस्थित थे।

**एक नजर** निकाली वाहन रैली, कलश यात्रा आज

## श्रीमद् भागवत धर्मध्वजा एवं गौसेवा महोत्सव की भव्य तैयारियाँ पूर्ण

**पिपलियामण्डी।** नगर एवं अंचल में धर्म, भक्ति, सेवा एवं गौसंरक्षण के पावन उद्देश्य को लेकर आयोजित श्रीमद् भागवत धर्मध्वजा एवं गौसेवा महोत्सव की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं। यह सात दिवसीय धार्मिक महोत्सव 01 फरवरी से 07 फरवरी 2026 तक श्री राधा कृष्ण गौशाला, बरखेड़ा पंथ में श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत आचार्य देवेंद्र शास्त्री की उत्साह के साथ अगवानी हुई। शनिवार को पिपलिया चौपाटी से भव्य वाहन रैली धरियाखेड़ी पहुँची। जहाँ से आचार्यश्री की अगवानी कर उन्हें बरखेड़ा पंथ लाया गया। 1 फरवरी 2026 को प्रात:07:30 बजे भव्य कलश यात्रा से होगा। यह यात्रा श्री टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर लवली चौराहा, खात्याखेड़ी होते हुए बरखेड़ा पंथ



स्थित श्री राधा कृष्ण गौशाला पहुँचेगी। कलश यात्रा में बैंड-बाजे व ढोल-नगाड़ों के साथ पीतल से निर्मित धर्मध्वजा, भगवान श्री राधा-कृष्ण की सजीव झांकी एवं सिर पर कलश धारण किए माताएं-बहनें शामिल होंगी। धर्मध्वजा स्थापना व गौशाला शेड का भूमिपूजन भी प्रात: 10:30 बजे धर्मध्वजा स्थापना एवं गौमाताओं के लिए शेड निर्माण का भूमिपूजन किया जाएगा। प्रात: 11:00 बजे महामंडलेश्वर संदीपेंद्र गिरी महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ धर्मध्वजा की स्थापना तथा गौसेवा से जुड़े कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। धर्मध्वजा स्थापना के पश्चात दोपहर 12:15 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ होगा, जिसमें प्रथम महाआरती संपन्न की जाएगी। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, सेवा एवं गौसंरक्षण के महत्व से अवगत कराया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में नगर व अंचल के समस्त महिला संगठनों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

पोरवाल महिला संगठन, सखी सहेली महिला मंडल, लायंस क्लब महिला मंडल, रिद्धि-सिद्धि महिला मंडल, राज राजेश्वरी महिला मंडल, अग्रवाल महिला मंडल, सकल ब्राह्मण समाज महिला मंडल, डिवाइन ग्रुप सहित अन्य समस्त महिला संगठनों से अपील की गई है कि वे कलश यात्रा, धर्मध्वजा स्थापना एवं प्रथम महाआरती में सपरिवार सहभागिता कर आयोजन की शोभा बढ़ाएं। प्रेस क्लब पिपलिया मंडी के तत्वावधान में आयोजन यह संपूर्ण आयोजन प्रेस क्लब पिपलिया मंडी के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।

प्रेस क्लब के संरक्षक मनोहर काबरा, अध्यक्ष जगदीश पंडित, उपाध्यक्ष हरीश गुप्ता, सचिव जेपी तेलकार, कोषाध्यक्ष प्रकाश बंसल, कार्यकारी सदस्य राजेश फरक्या, शंभू मेक, नरेंद्र राठौर, वरिष्ठ सदस्य बाबूलाल नागर, विजय गेहलोत, रवि पोरवाल, निखिल सोनी एवं ललित सोलंकी ने नगर व अंचलवासियों से अपील की है कि वे धर्म, भक्ति एवं गौसेवा के इस पावन महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।



## जहाँ पानी रुकता है वहीं जलकुंभी जमती : विधायक जैन

**मंदसौर।** आज शिवना शुद्धिकरण अभियान के 87वें दिन मुक्तिधाम स्थित शिवना पुल के नीचे श्रमदान किया गया।इस दौरान नदी के पानी के बहाव में जो बाधक तत्व जमा थे,उन्हें हटाया गया। पुल के नीचे जमी लकड़ियाँ, प्लास्टिक, कपड़ा, गाद और अन्य अवरोधक वस्तुएँ पानी के प्राकृतिक प्रवाह को रोक रही थीं। सो श्रमदानियों द्वारा इन सभी बाधाओं को हटाए जाने के बाद नदी का रुका हुआ पानी पुन: बहने लगा। लोकप्रिय विधायक श्री विपिन जैन ने बताया कि जहाँ पानी रुकता है, वहीं जलकुंभी, काई और गंदगी तेजी से फैलती है। रुका हुआ पानी न केवल नदी की सुंदरता को नष्ट करता है, बल्कि पर्यावरण और जलजीवों के लिए भी घातक होता है। श्री जैन ने आगे कहा कि पानी का निरंतर प्रवाह बनाए रखना ही नदी को स्वस्थ रखने का सबसे प्रभावी उपाय है। आज श्रमदानियों ने नदी के भीतर जमी गंदगी को साफ करने के साथ-साथ आसपास के तटों पर फैले प्लास्टिक कचरे, थर्माकोल और अन्य अपशिष्ट को भी एकत्र कर बाहर निकाला। श्री जैन ने सभी मंदसौर वासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रमदान करने जरूर पधारे। रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान के 87वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, भंवरलाल प्रजापत, विजय आनंद, राकेश जैन पिंटू, अमलावद गांव से कैलाश कुमावत, धमनार गांव से सोहनलाल धाकड़ महिला नेत्रीयों में रफत पयामी, इष्टा भाचावत, रमेश कुमावत, ऋषिराज लाड़, गोपाल बंजारा आदि श्रमदान में उपस्थित रहे।